web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 28 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 239

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रपति की जाति को लेकर टिप्पणी करके फंसे मल्लिकार्जुन खड़गे और अरविंद केजरीवाल, केस दर्ज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए संसद भवन का उद्घाटन कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस उद्घाटन के खिलाफ कई विपक्षी दल कल उद्घाटन समारोह में शिरकत नहीं करेंगे।?वहीं खबर सामने आई है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और अन्य के खिलाफ समुदायों और समूहों के बीच भेदभाव पैद करने के इलादे से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जाति का हवाला देते हुए भडक़ाऊ भाषा देने को लेकर शिकायत दर्ज की गई है। आईपीसी की धारा 121, 153ए, 505 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल और मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा था कि वर्तमान राष्ट्रपति दलित है, इसलिए उन्हें नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह में नहीं बुलाया गया है। इस मामले पर दोनों नेताओं का काफी विरोध भी हुआ था और बीजेपी ने भी निशाना साधा था। वहीं अब इस मामले को लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### अक्षय कुमार ने उत्तराखंड पुलिस के जवानों के साथ खेला वॉलीबाल मैच

**देहरादून (आरएनएस)।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार अपने फिल्म की शूटिंग को लेकर कई दिनो से उत्तराखंड में हैं। इस दौरान उन्होंने पहले बाबा केदार के दर पर जयकारे लागाए, फिर मुख्यमंत्री धामी के परिवार के संग फुर्सत के लम्हे भी बिताए।?खिलाड़ी कुमार ने उत्तराखंड पुलिस के जवानों के साथ वॉलीबॉल मैच भी खेला।?देहरादून की पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों के साथ अक्षय कुमार का शानदार मैच देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जमा हो गई। एक्टर अक्षय कुमार ने मैच में बेहतरीन तरीके से खेलते हुए कई पॉइंट बनाए और अपनी फिटनेस से सभी को चौंकाया। अक्षय कुमार की टीम ने अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा की टीम को शिकस्त दी। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि फिल्म स्टार अक्षय कुमार पुलिस लाइन में पूरा एक घंटा जवानों के साथ बिताया। उनके साथ वॉलीबॉल खेला, स्टेज में उनके साथ गाने गाए और खूब इंजॉय किया। हमारे जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिये उनका बहुत धन्यवाद है। इस मौके पर डीजीपी ने उनको अपनी नई पुस्तक साईबर एनकाउंटर्स भी भेंट की।

### खाना बनाते फटा छोटा सिलेंडर, छह झुलसे, दो गंभीर

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र स्थित छलेरा गांव में छोटा सिलेंडर फटने से छह लोग झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे नीरज सैनी और भीम सैनी को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य चार का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि छलेरा गांव के गली नंबर एक में अरुण सैनी का मकान है। यहां कुछ लोग किराए पर भी रहते हैं। शुक्रवार रात खाना बनाते समय छोटे सिलेंडर में आग लग गई। आग बुझाने के लिए लोग मौके पर पहुंचे, तभी सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से पास में मौजूद गणेश कुमार, कैपली, सलाम, इस्तेखान, नीरज सैनी और भीम सैनी झुलस गए। नीरज और भीम 30 प्रतिशत से ज्यादा झुलसे हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी घटनास्थल की ओर रवाना हुई।

# देश को आज मिलेगा नया संसद भवन, 64500 वर्ग मीटर में हुआ है निर्माण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। 862 करोड़ रुपए की लागत से बने इस संसद भवन का निर्माण कार्य 15 जनवरी 2021 से शुरू हुआ था। जिसे नवंबर 2022 में ही इस नए भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लेना था। नए संसद भवन 64500 वर्ग मीटर में बनाया गया है,जबकि पुराना संसद भवन 45500 वर्ग मीटर में फैला हुआ है अर्थात नया संसद भवन पुराने वाले से 2000 वर्ग मीटर ज्यादा में फैला हुआ है। नया संसद भवन 4 मंजिला है,उसमें तीन दरवाजे हैं। वर्तमान लोकसभा भवन में 590 लोगों के बैठने की क्षमता है लेकिन नए संसद भवन में 888 सीटें हैं और अतिथि गैलरी में 336 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए संसद भवन को हमारी संस्कृति और आधुनिकता के मिलन का अप्रतिम उदाहरण बताते हुए कहा है कि देशवासी इसके उद्घाटन को लेकर उत्साहित हैं। अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शेयर किए गए नए संसद भवन के वीडियो को शनिवार को रिट्वीट करते हुए कहा, नए संसद भवन की इन अद्भुत झलकियों को देख पूरा देश हर्षित है। यह संसद हमारी संस्कृति और आधुनिकता के मिलन का अप्रतिम उदाहरण है। शाह ने आगे लिखा कि, मेरा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुराने और अब इस नए संसद भवन में एक जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा करूंगा। देशवासी इसके उद्घाटन को लेकर उत्साहित हैं। आपको बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई, रविवार को संसद के नए भवन का उद्घाटन कर रहे हैं। विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से संसद के इस नए भवन का उद्घाटन नहीं कराए जाने को लेकर उद्घाटन समारोह के बहिष्कार का ऐलान किया हुआ है। वहीं, सर्व खाप महापंचायत ने इसी दिन नए संसद भवन के बाहर महिला पंचायत आयोजित करने का आह्वान किया है। इसके



मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने पूरे लुटियंस जोन में सुरक्षा बढ़ा दी है। पिछले हफ्ते रविवार को हरियाणा के महम कस्बे में प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन में आयोजित महापंचायत में दावा किया गया था कि दिल्ली में होने वाली पंचायत में देशभर से आने वाली महिलाएं हिस्सा लेंगी। पुलिस के मुताबिक, नए संसद भवन के आसपास पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके अलवा, पूरे कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मध्य दिल्ली में पुलिस पिकेट स्थापित किया जाएगा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, समारोह को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी, जिसमें चौकियों की स्थापना भी शामिल है, जहां पुलिस दिल्ली की सीमाओं से प्रवेश करने वालों के वाहनों का निरीक्षण करेगी।

## दीवारों पर एंटी पीएम स्लोगन लिखे जाने का डर, नए संसद भवन की बढ़ाई सुरक्षा- एसीपी रैंक के अधिकारी ड्यूटी पर लगाए

नए संसद भवन का आज उद्घाटन होना है जिसको लेकर राजनीति गरमाई हुई है। इसी बीच अब दिल्ली पुलिस को इनपुट मिला है कि नए संसद भवन के बाहर दीवारों पर एंटी सरकार और एंटी पीएम स्लोगन लिखे जा सकते हैं। इस इनपुट के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक नए संसद भवन के आस-पास दिल्ली पुलिस का स्टाफ तैनात किया गया है। करीब 70 पुलिसकर्मियों के स्टाफ को सुरक्षा में लगाया गया है। साथ ही एसीपी रैंक के अधिकारी मोनिटरिंग कर रहे हैं। अब संसद भवन के पास 24 घंटे सुरक्षा तैनात होगी और सीसीटीवी के जरिए भी यहां नजर रखी जा रही है। दरअसल दिल्ली में नई संसद का 28 मई को पीएम उद्घाटन करेंगे। इस दौरान कई वीवीआईपी/वीआईपी और अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से एडवाजरी जारी की गई है। पुलिस ने लोगों को जरूरत नहीं होने पर नई दिल्ली के इलाके में आने से बचने की सलाह दी है। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों के समर्थन में उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत ने 28 मई को ही नए संसद भवन के सामने महापंचायत बुलाई है। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड में है।

## फोन जब्त करने से नाराज हुई छात्रा ने स्कूल में लगा दी आग, 20 लोगों की मौत

**गुयाना।** फोन जब्त किए जाने से नाराज एक लडक़ी ने स्कूल में आग लगा दी और इस वजह से 20 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्रा ने गुस्से में वारदात से पहले इसको लेकर चेतावनी भी दी थी। पूरा मामला साउथ अमेरिकी देश गुयाना का बताया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो बीती रात को महदिया सेकेंडरी स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में आग लग गई। आग लगने की वजह से स्कूल का एक बड़ा जलकर राख हो गया। इस वजह से कई छात्राएं और स्टाफ फंस गए और अफरा-तफरी का माहौल हो गया। साथ ही फौरन फायर ब्रिगेड की टीम बुलाई गई, लेकिन जब तक आग बुझती तब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी थी।

राजधानी जॉर्ज टाउन से लगभग 200 मील की दूरी पर सेंट्रल गुयाना माइनिंग टाउन की ये घटना बताई जा रही है। मामले का खुलासा पुलिस टीम ने किया है। पुलिस टीम का कहना है कि आग लगाने वाला कोई और नहीं बल्कि स्कूल की ही एक छात्रा है। टीचर ने छात्रा का मोबाइल जब्त किया तो वह इस बात से नाराज हो गई। इसी नाराजगी के चलते उसने गुस्से में उसने ये कदम उठा लिया। इतना ही नहीं छात्रा खुद भी आग में झुलसी थी।

पुलिस की माने तो स्कूल प्रशासन ने छात्रा का मोबाइल फोन को छीनकर जब्त कर लिया और छात्रा ने गुस्से में आकर घटना को अंजाम दे दिया। बताया जा रहा है कि स्कूल प्रशासन को पता चला था कि छात्रा एक उसकी उम्र से ज्यादा शख्स के संपर्क में है और इसी के बाद ये एक्शन स्कूल प्रशासन ने लिया। आरोपी लडक़ी की उम्र 14 साल बताई जा रही है। जब छात्रा का फोन उससे छीना गया तो उसने गर्ल्स हॉस्टल को आग लगाने की धमकी दी थी।

इस आगजनी की वजह से छात्रा खुद भी घायल हुई है जिसका इलाज हॉस्पिटल में जारी है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद छात्रा को पुलिस टीम हिरासत में

## टेरर केस में बड़ा एक्शन, 1 दर्जन आईपीएस अफसरों और 200 पुलिसकर्मियों के साथ कई जगहों पर एनआईए की रेड

**जबलपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। जबलपुर में अचानक भारी पुलिस बल देख लोग चकित हो गए। एनआईए ने सुबह 7 जगहों पर रेड मारा है जिसमे भारी पुलिस बल का उपयोग किया गया है। बड़ी ओमती स्थित एडवोकेट ए उस्मानी के घर पर भी एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा है। आज सुबह दिल्ली और भोपाल से करीब एक दर्जन आईपीएस अफसर और 200 पुलिसकर्मियों की टीम उस्मानी के घर पर पहुंची। टीम ने आते ही घर के आसपास के इलाकों को घेर लिया।




जानकारी के मुताबिक, उस्मानी के घर के कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए ने जिस इलाके में रेड की है, वह इलाका मुस्लिम बाहुल्य है। एनआईए की टीम ने सर्च वारंट के साथ यह छापा मारा है। वहीं, ओमती में एक डाक्टर सहित शहर के अन्य छह स्थानों पर भी छापेमारी की खबर है। एडवोकेट ए उस्मानी के घर के पास बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती है। ये छापेमारी टेरर रिलेटेड केस में बताई जा रही है।

पुलिस अफसरों ने उस्मानी के घर के आसपास के रास्तों को पूरी तरह से सील कर दिया है। दिल्ली से आई अधिकारियों की टीम उस्मानी के परिवार वालों से पूछताछ कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, जबलपुर के खान क्लासेज एवं मकसूद कबाड़ी पर भी एनआईए की टीम ने छापा मारा है। इस छापेमारी से इलाके में अफरातफरी की स्थिति है।

बताया जा रहा है कि एनआईए के अधिकारी उस्मानी के घर के कमरों की तलाशी कर रहे हैं। उन्हें कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। हालांकि, उन दस्तावेजों में क्या है, अभी तक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। घर के सभी सदस्यों के मोबाइल को एनआईए ने एक जगह जमा करवा दिया है। साथ ही किसी भी सदस्य को घर से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। एनआईए के अधिकारियों ने इस छापेमारी को लेकर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। दिल्ली में दर्ज एक एनआईए के कनेक्शन को लेकर एनआईए की टीम जबलपुर पहुंची है । एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है। टेरर फ़ंडिंग और युवाओं को बरगलाने का भी एंगल सामने आया है।

## कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार, 24 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने आज मंत्रिमंडल विस्तार किया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 24 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलवाई। इनमें नौ लोग पहली बार विधायक बने हैं, जबकि एक महिला विधायक भी शामिल हैं। इस प्रकार अब कर्नाटक कैबिनेट में अब 34 मंत्री हो गए है. इनमें 10 ने 20 मई को ही शपथ ले ली थी, जिनमें जी.परमेश्वर, के.एच. मुनियप्पा, के.जे. जॉर्ज, एम.बी. पाटिल, सतीश जारकीहोली, प्रियंका खडग़े, रामालिमगा रेड्डी और बी.जेड. जमीर अहमद खान शामिल हैं। कर्नाटक कांग्रेस के 24 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई. इन नेताओं में दिनेश गुंडुराव, शरणबसप्पा दर्शनापुर, एचके पाटिल, कृष्णा बायरे गौड़ा,



एन चेलुवरायस्वामी, के वेंकटेश, शिवानंद पाटिल, तिम्मापुर रामप्पा बलप्पा, एसएस मल्लिकार्जुन, तंगदगी शिवराज संगप्पा, डॉक्टर एचसी महादेवप्पा, ईश्वर खंड्रे, क्याथासंद्रा एन राजन्ना, डॉक्टर शरणप्रकाश रुद्रप्पा पाटिल, संतोष एस लाड, एनएस बोस राजू, सुरेश बीएस, मधु बंगारप्पा, डॉक्टर एमसी सुधाकर, मंकल वैद्य, लक्ष्मी आर हेब्बालकर, रहीम खान, डी सुधाकर और बी नागेंद्र शामिल है।?

मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद ने कर्नाटक कांग्रेस में असंतोष को हवा दे दी है, जो 10 मई के विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में वापस आई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि, किसी ने भी इस संबंध में सामने आने और बयान जारी करने की हिम्मत नहीं की, लेकिन कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने पुष्टि की कि कैबिनेट बर्थ से चूकने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में असंतोष है। वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के करीबी बी.के. हरिप्रसाद एमएलसी और परिषद में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। वयोवृद्ध कांग्रेस नेता आर.वी. देशपांडे, जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष का पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था, उन्हें भी पार्टी ने नजरअंदाज कर दिया है। सूत्र ने बताया कि नई दिल्ली में भारी लॉबिंग के बाद भी वरिष्ठ नेता को मदद नहीं मिली। राज्य इकाई ने आरोप लगाया है कि साधन संपन्न देशपांडे ने मुश्किल समय में पार्टी की मदद नहीं की।

## साउथ कोरिया में विमान का दरवाजा खोलने वाले ने कहा, जल्दी उतरना चाहता था

**सियोल।** साउथ कोरिया में एक हवाईअड्डे पर उतरने से ठीक पहले एशियाना एयरलाइंस के विमान का दरवाजा खोलने वाले एक यात्री ने पुलिस को बताया कि उसे घुटन महसूस हो रही है और वह विमान से जल्दी उतरना चाहता है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सियोल से 237 किमी दक्षिण-पूर्व में, डेगू इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड करने वाली थी। जब विमान हवा में करीब 200 मीटर (650 फीट) की ऊंचाई पर था, तभी इमरजेंसी एग्जिट के पास बैठे एक यात्री ने लीवर दबाकर इमरजेंसी गेट खोल दिया। उस यात्री को हिरासत में लिया गया।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के दौरान, व्यक्ति ने अधिकारियों को बताया कि हाल ही में नौकरी छूटने के बाद वह बहुत तनाव में था और उसे घुटन महसूस हो रही थी, जल्दी से उतरना चाहता था, इसलिए उसने ने दरवाजा खोला।

पुलिस पूछताछ के बाद उड्डयन सुरक्षा कानून का कथित रूप से उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के लिए गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध करने की योजना बना रही है।

इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। लेकिन घबराए 12 यात्रियों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, इसके चलते उन्हें अस्पताल भेजा गया।

## पक्षी को बचाने के चक्कर में गूगल से ढूंढा एनिमल रेस्क्यू संगठन, खाते से उड़ गए 1 लाख

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** क्या हो अगर आप किसी की मदद के लिए कोई काम करें और वही काम आपके लिए मुसीबत बन जाए। ऐसा ही कुछ हुआ मुंबई की एक 30 वर्षीय महिला के साथ जिन्होंने एक घायल पक्षी को बचाने के प्रयास में करीब 1 लाख रुपये गंवा दिए। ऐसा पक्षी के इलाज के दौरान नहीं हुआ बल्कि पीड़िता साइबर फ्रॉड का शिकार हो गई। साइबर फ्रॉड का यह मामला ध्वनि मेहता नामक 30 वर्षीय महिला के साथ हुआ है।

यह घटना 17 मई की है। ध्वनि एक अतंरराष्ट्रीय फिल्म स्टूडियो की कर्मचारी हैं। सुबह वह अपने काम पर जा रही थीं तभी उन्होंने एक पक्षी को घायल देखा। उन्होंने उसकी मदद करनी चाही और गूगल पर एनिमल रेस्क्यू संगठन सर्च किया। उन्होंने एक एनिमलरिक्रूटीडॉटकॉम नाम से एक वेबसाइट मिली। यहां से उन्हें एक नंबर मिला और उन्होंने उस पर कॉल किया। सामने से ध्वनि को बताया गया कि मदद उनके पास जल्द ही पहुंच जाएगी। इससे पहले उन्हें एक फॉर्म भरना होगा।

उनसे कहा गया कि फॉर्म भरने के बाद रजिस्ट्रेशन के लिए 1 रुपये की पेमेंट करनी होगी। ध्वनि ने ऐसा ही किया। उनसे फिर कहा गया कि बस टीम आपके पास पहुंचती ही होगी। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ। पूरे दिन वहां कोई नहीं आया। ध्वनि शाम को जब ऑफिस से काम कर के वापस घर के लिए निकली तो उन्हें फोन पर मैसेज मिला कि उनके अकाउंट से 99,988 रुपये कट चुके हैं। ध्वनि के साथ जो हुआ उस पर उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ।

ध्वनि ने इस मामले में एक एफआईआर दर्ज कर दी है। पुलिस के अनुसार, उन्होंने अनजाने में अपना यूपीआई पिन ठगों को सौंप दिया था। उन्होंने फॉर्म भरने के दौरान ही यह गलती की थी। इस मामल में अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की घारा 419, 420 और 465 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आईटी एक्ट के प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज हुआ है।

## पीएम मोदी के दौरे से पहले यूएस का बड़ा कदम, दिवाली पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने के लिए बिल पेश

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले अमेरिका ने बड़ा कदम उठाया है। अमेरिका की एक प्रमुख सांसद ने शुक्रवार को अमेरिकी कांग्रेस में एक खास बिल पेश किया। इसमें उन्होंने रोशनी के त्योहार दिवाली को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। देश भर के विभिन्न समुदायों ने उनके इस कदम का स्वागत किया है। अगर दिवाली दिवस विधेयक कांग्रेस से पारित हो जाता है तो राष्ट्रपति से इसे मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा और दिवाली अमेरिका में 12वीं संघीय छुट्टी हो जाएगी।

संसद सदस्य ग्रेस मेंग ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिवाली दुनियाभर में अरबों लोगों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका (सूर) में असंख्य परिवारों और समुदायों के लिए साल के सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि दिवाली पर संघीय अवकाश परिवारों और दोस्तों को एक साथ त्योहार का जश्न मनाने की अनुमति देगा। इस दिन छुट्टी यह साबित करेगी कि सरकार राष्ट्र के विविध सांस्कृतिक अवसरों को महत्व देती है।

उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के क्वींस में दिवाली समारोह अद्भुत होते हैं और हर साल ये होते हैं। जो बताता है कि यह दिन इतने सारे लोगों के लिए कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ताकत इस राष्ट्र को बनाने वाले विविध अनुभवों, संस्कृतियों और समुदायों से है।

मेंग ने आगे कहा कि उनके द्वारा पेश किया गया दिवाली डे एक्ट इस दिन के महत्व पर सभी अमेरिकियों को बताने और अमेरिकी विविधता का जश्न मनाने की दिशा में एक कदम है। वह अमेरिका कांग्रेस के माध्यम से इस विधेयक को पारित करने के लिए उत्सुक है।

इस कदम का स्वागत करते हुए न्यूयॉर्क विधानसभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि इस साल हमने देखा कि हमारा पूरा राज्य दिवाली और दक्षिण एशियाई समुदाय को मान्यता देने के समर्थन में एक स्वर से बोल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार में मेरी सहयोगी मेंग अब दिवाली को संघीय अवकाश घोषित करने के लिए अपने ऐतिहासिक कानून के साथ आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर ले जा रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। वह 21-24 जून तक अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी 22 जून को पीएम मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस में राजकीय भोज का आयोजन भी करेंगे। वॉशिंगटन डीसी के एक होटल में पीएम मोदी ठहरेंगे, जहां भारतीय समुदाय कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। 22 जून को जब व्हाइट हाउस में पीएम मोदी का स्वागत किया जाएगा तो उनके सम्मान में 21 तोपों की सलामी दी जाएगी।